तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 1 दिसंबर 2024

10 31 की जगह 23 सौ क्विंटल में धान खरीदी किसानों से...

11 भान सागर में पर्यटन की संभावनाएं तलाशने ...




# मध्यान्ह भोजन से हरी सब्जी गायब, पौष्टिक आहार बना मैन्यू की शोभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

अलग खबर

कुपोषण से मुक्ति दिलाने और स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या बढ़ाने मध्यान्ह भोजन योजना के जरिए सरकार बच्चों को पौष्टिक भोजन मुहैया कराने का दावा करती है। इसके लिए हर साल करोड़ों का बजट भी शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन सुकमा जिले में आदिवासी बच्चों की थाली से हरी सब्जी गायब हो रही है। शिक्षा सत्र के शुरू होने के 4 महीने बीते जाने के बाद भी स्कूलों में व्यवस्था थाली से हरी सब्जी गायब है। बच्चों को करीब एक माह से हरी सब्जी नहीं दिया जा रहा है। केवल दाल-चावल से ही काम चलाया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने सप्ताह के 6 दिन बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन के लिए मेनू तैयार किया है और इसी मेनू के तहत हर दिन बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना अनिवार्य है। विभाग ने मेनू चार्ट को हर स्कूल में बकायदा चस्पा व पेंट से लिखवाया भी है। लेकिन बच्चों को पौष्टिक आहार देने के शिक्षा विभाग के दावे केवल स्कूल की दीवारों तक ही सीमित रह गए हैं। बच्चों को मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं दिया जा रहा है। शुक्रवार को मेनू ▶▶| शेष पेज 10 पर

## नौनिहालों के मिड डे मिल पर डाका और विभाग गफलत में

### 43 बच्चों के लिए केवल एक किलो दाल

माध्यमिक शाला नीलावरम में 6वीं से 8वीं तक कुल 43 बच्चे अध्ययनरत हैं। 43 बच्चों के लिए एक किलो दाल बनाया जा रहा है। रसोईया ने बताया कि हरी सब्जी के लिए कई बार शिक्षकों को बताया गया है। स्व सहायता समूह भी राशन सप्लाई में देर करती है। बाजार के दिन स्थानीय स्तर पर हरी सब्जी की व्यवस्था किया जाता है। इस संबंध में मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक उमेंद गोठी से बात करने की कोशिश की तो वे कार्यालयीन कार्य से जिला मुख्यालय गए हुए थे। वहीं स्कूल में मौजूद शिक्षकों ने बताया कि दाल-चावल ही दिया जाता है। हरी सब्जी क्यों नहीं दी जाती है इसकी जानकारी नहीं है।





### जानकारी नहीं, दिखवाता हूं : डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने बताया कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। जल्द ही इस मामले में जो भी जिम्मेदार है उनसे जानकारी लेता हूं और व्यवस्था को दुरुस्त करने निर्देश दूंगा।

## खबर संक्षेप



### दलपत सागर दीपोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**जगदलपुर।** दलपत सागर दीपोत्सव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। महापौर सफिरा साहू और स्वास्थ्य विभाग सभापति नरसिंग राव ने दीपोत्सव से पहले सफाई अभियान का जायजा लिया। दलपत सागर दीपोत्सव का कार्यक्रम 7 दिसंबर को होना है और इसके लिए शहर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। महापौर ने कहा, दलपत सागर दीपोत्सव के लिए हमने व्यापक तैयारियाँ की हैं। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम शहर के लोगों के लिए एक यादगार अनुभव होगा। स्वास्थ्य विभाग सभापति नरसिंग राव ने कहा, दलपत सागर दीपोत्सव के लिए हमने सफाई अभियान चलाया है। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम शहर के लोगों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित अनुभव होगा। दलपत सागर दीपोत्सव के लिए शहर के लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है। लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल हों और इसका आनंद लें।

### विस्फोटक जब्त, 6 माओवादी जनमिलिशिया गिरफ्तार



**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत थाना उसूर से कोबरा 205 एवं केरिपु 196 का बल गलगम, नड़पल्ली, फुटापल्ली की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। इस दौरान नड़पल्ली और फुटापल्ली के जंगल से 6 माओवादी जन मिलिशिया सदस्यों को विस्फोटक, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, एवं माओवादी साहित्य के साथ पकड़ा ▶▶| शेष पेज 10 पर

# फीस वृद्धि पर विवि कार्य परिषद की बैठक में युकां ने किया हंगामा

कुलपति का मुख्य प्रवेश द्वार पर घेराव, नारे लगाए फीस वृद्धि निर्णय वापस लेने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- हंगामा देख कुलपति ने एसपी को जवान भेजने कहा

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में कुलपति द्वारा आनन फानन में आयोजित कार्यपरिषद की बैठक का एनएसयूआई ने पुरजोर विरोध किया। शनिवार को एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विशाल खंबारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र छात्राएं परीक्षा शुल्क बढ़ोतरी के विरोध में विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति व कुलसचिव के खिलाफ धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी करने लगे। छात्रों का धरना प्रदर्शन लगातार 5 घंटों तक जारी रहा जिसके कारण कुलपति को कार्यपरिषद की बैठक स्थगित करनी पड़ी। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, यु.का. जिलाध्यक्ष अजय बिसाई छात्र छात्राओं के बीच पहुंचे



और छात्र छात्राओं की मांगों को जायज बताकर उनकी आवाज बुलंद की। बिसेन व खंबारी ने बताया कि कुलपति का दोहरा चरित्र है वो एक बाहरी एवं उच्च वर्गीय सोच के व्यक्ति है जो दिखावे और प्रचार के लिए जनजातीय गौरव की बात करते है उस नाम से कार्यक्रम आयोजित करते है और दूसरी तरफ वो बस्तर के जनतातीय छात्र छात्राओं एवं उनके परिजनों का आर्थिक शोषण करने में लगे हुए है। कुलपति का रवैया आदिवासियों के प्रति इतना क्षीण रहा है यह आप उनके कार्यक्रमों से पता लगा सकते है कि उनके ज्यादातर कार्यक्रमों में आदिवासियों को मंच ▶▶| शेष पेज 10 पर

### नहीं मिलती सुविधा, वसूला जा रहा शुल्क

नेताद्वय ने कहा कि कुलपति आकस्मिक सहायता निधि 15 रुपए, शारीरिक शिक्षा शुल्क 50 रुपए आज तक किसी विद्यार्थी को ये सुविधा प्राप्त नहीं हुए इसकी जांच करवाई जा सकती है। स्थाई निधि शुल्क 15 रुपए, ग्रन्थालय विकास शुल्क 40 रुपए जबकि प्राइवेट के छात्र छात्राओं को ये सुविधा कभी मिलती ही नहीं है, छात्र कल्याण शुल्क 25 रुपए (विश्वविद्यालय ने आज तक किसी विद्यार्थी के कल्याण में कोई योगदान नहीं रहा है)ये सारे शुल्क प्रति विद्यार्थियों प्रति सेमेस्टर लिया जाता है परंतु छात्र छात्राओं को कोई सुविधा नहीं मिलती।

### फिजूलखर्ची पर लगे अंकुश

छात्र नेताओं ने कहा कि कुलपति बस्तर के किसानों, फुटकर व्यापारियों, मजदूरों के बच्चों की आर्थिक दुर्दशा को समझते ही नहीं है और उन्हें ये तक ज्ञात नहीं है कि इन बच्चों को अगर शासन छात्र वृत्ति ना दे तो आदिवासी बच्चे पढ़ने से वंचित रह जाएंगे। साथ ही कुलपति के खर्चों की जांच करवाई जाए, जैसे अपनी छवि चमकाने के लिए जो कार्यक्रम करवाते है उनमें कितना खर्चा बैठता है, अगर ये खर्चे बंद कर दिए जाएं तो छात्र छात्राओं के फीस बढ़ाने की नौबत ही नहीं आएगी।

## धान खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा, किसानों की दूर हो रही समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सुदूर दूरस्थ अंचलों की लैंपस सोसायटियों में ज्यादा कारगर




समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों को अपने खाते से त्वरित राशि आहरण की सुविधा को दृष्टिगत रखते जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर सुदूर दूरस्थ अंचलों के खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा बहाल की है। जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। किसानों को अब अपने गांव से दूर बैंक शाखा में जाने की आवश्यकता नही होती और न ही घण्टो उन्हें अपना पैसा निकालने लाइन में खड़ा होना पड़ता है। किसानों की सुविधाओं को दृष्टिगत करते हुए राज्य शासन द्वारा धान उपार्जन केंद्रों में ही अनेक सहूलियतें मुहैय्या कराई जा रही हैं। उनमें से एक है धान खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा। जिले के दूरस्थ अंचल में स्थित केंद्रों में किसानों को त्वरित नकदी प्रदाय करने के उद्देश्य से माइक्रो एटीएम मशीन उपलब्ध कराई गई है। ग्राम कोदापाखा में स्थित धान उपार्जन केंद्र में किसानों को धान बेचने के बाद मौके पर ही नकद राशि का भुगतान माइक्रो एटीएम के जरिए किया जा रहा है। इस सुविधा से स्थानीय किसानों को अब 10-12 किलोमीटर ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल जाना नहीं पड़ता। कोदापाखा केंद्र में धान बेचने के बाद ग्राम बंगाचार से आए किसान मिलाप राम पटेल ने यहां उपलब्ध माइक्रो एटीएम का उपयोग किया और ट्रायल के रूप में एक हजार रुपए निकाले। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 10 पर

# विष्णुदेव सरकार किसानों से किये वायदों से मुकर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 2100 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा : कांग्रेस का आरोप



सरकार बनने के पहले भाजपा अपने चुनावी संकल्प पत्र में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का वायदा किया था,साथ ही प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये देने का भरोसा दिया था। किसान भाजपा के इस झूठे वादे में आकर चुनाव में भाजपा का समर्थन करते सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। लेकिन प्रदेश में भाजपा सत्ता में आने के बाद किसानों से किये सभी वायदे भूल गई। यही कारण है कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल की जगह कहीं 15 तो कहीं 10 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। साथ ही प्रति प्रति क्विंटल 3100 की जगह केवल 2300 रुपये दिया जा रहा है। यह आरोप बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मोर्य व पूर्व विधायक रेखचन्द जैन ने शनिवार को प्रेसवार्ता में लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू की है और 31 जनवरी तक खरीदी की जाएगी। इस बीच 37 दिन अवकाश पड़ रहा है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक धान की खरीदी करना संभव नहीं है। कुल मिलाकर भाजपा की साय सरकार किसानों से पूरा धान की खरीदी करने में आना-कानी कर रही है। किसानों की शत प्रतिशत धान की सरकार खरीदी करे, इसके लिए कांग्रेस प्रयास कर रही है। इस दौरान निगम के नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स, उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय, लता निषाद, राजेश चौधरी समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### किसानों को हक दिलाने करेंगे प्रयास : रेखचंद

रेखचंद जैन ने कहा कि साय सरकार ने किसानों के साथ जो वादा किया था, उसके अनुरूप धान की खरीदी नहीं कर रही है। कांग्रेस किसानों को उनका हक दिलाने पूरा प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय कह रहे हैं कि कांग्रेस के लोग किसानों के बीच भ्रम फैला रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस विपक्ष की भूमिका में है और किसानों के हित में काम करती आयी है। धान खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग करने कांग्रेस ने टीम भी गठित की है।



## वाहन बिक्री में 1.70 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना भानपुरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम मुरकुची के प्रार्थी पंचनाम नाईक के साथ वाहन बिक्री के नाम पर 1.70 लाख रुपए का धोखाधड़ी कर आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित कर गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। थाना भानपुरी में प्रार्थी पंचराम नाईक निवासी मुरकुची ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि कांवडगांव निवासी दुवार्शा पाण्डेय ने अपनी पंजीकृत कार टाटा टियागो सीजी 17 केयू 6393 को 24 जून 2022 को स्टाम्प पेपर में लिखाकर गवाह लोकेश पाण्डेय, जयप्रकाश पटेल के समक्ष 1.70 लाख रुपए में बेचा था, जिसे खरीदकर घर लाया था कि 27 जून 2022 को दुवार्शा घर आकर किसी का तबियत खराब है बोलकर एक दिन के लिए गाड़ी देना बोलकर गाड़ी मांगकर ले गया और गाड़ी को वापस नहीं दिया। छल कपट कर धोखाधड़ी किया, प्राथी की रिपोर्ट पर थाना भानपुरी में धारा 420 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भानपुरी प्रवीण भारती के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अमित पदमशाली के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु टीम रवाना किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक अमित पदमशाली थाना प्रभारी भानपुरी, प्रधान आरक्षक सुन्दर बघेल, राधेलाल कोर्राम, आरक्षक छबिलाल सोम, महेन्द्र शोरी, प्रदीप कश्यप, सरोज सेठिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 70 हजार की अंग्रेजी शराब जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगरनार पुलिस ने बिना नंबर की मारूती सुजुकी ईको वाहन में भारी मात्रा में अवैध रूप से 70080 रुपए के 28 पेटी मात्रा 258.24 लीटर अंग्रेजी शराब का परिवहन करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीमावर्ती उड़ीसा राज्य से छत्तीसगढ़ की ओर होने वाले अवैध शराब के परिवहन पर अंकुश लगाने नगरनार थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। शुक्रवार को दो व्यक्ति एक सफेद रंग का बिना नंबर का मारूती सुजुकी ईको कार में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखकर उड़ीसा से जगदलपुर की ओर परिवहन कर रहे हैं। एनएच 63 मेन रोड के पास नाकाबंदी कर कार रोककर पूछताछ की गई। चालक ने अपना नाम कृष्णा प्रसाद साव उम्र 55 साल निवासी पातररास थाना जिला दंतेवाड़ा एवं बगल सीट पर बैठा हुआ व्यक्ति अपना नाम केशव कुमार खरे उम्र 41 साल निवासी ग्राम उपरवाह करेला थाना घुमका जिला राजनांदगांव का रहने वाले बताया। मौके पर आरोपियों के सफेद रंग का इनके विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124



**खबर संक्षेप**



### संकुल स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद का हुआ शुभारंभ

**धनोरा।** संकुल स्तरीय त्रिदिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता ग्राम आचलापारा में शनिवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती महेश्वरी कोर्राम जिपं सदस्य थीं। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा ने की। विशेष अतिथि श्री रमेश यादव, श्री श्रवण दिपक, श्री राम लाल सलाम श्री संतोष उईके, श्री राम यदु, श्री गनपत मंडावी, श्री फागु राम मंडावी, श्री हजारी आचले, श्री रैली राम उसेंडी श्री रमेश उसेंडी एवं आसपास के सरपंच पंच ग्राम वासीयों के उपस्तिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम का जानकारी मीडिया साथी संतोष बरनवाल वा अजय मिश्रा भाजपा ने दी है।

### शिविर में 250 कैंसर मरीजों का किया गया परीक्षण



**केशकाल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय कैंसर परीक्षण शिविर का आयोजन सुषमा विंग सोसायटी व बस्तर चेम्बर आफ कॉमर्स के तत्वावधान में बालको हॉस्पिटल रायपुर से आए डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गया। जिसमें 250 मरीजो का चेकअप किया गया। केशकाल विधायक श्री नीलकण्ठ टेकाम जी ने इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई । जिला कोंडागांव डा. आरके सिंह व केशकाल डा. बिसेन के प्रयासों से शिविर सफलता के साथ सम्पन्न हुआ।

### पुण्यतिथि पर ज्योतिराव फुले को दी श्रद्धांजलि



**कोण्डागांव।** बाबा साहेब सेवा संस्था ने अंबेडकर चौक स्थित अपने कार्यालय में महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले जी की 134वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर फुले जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया और उनके योगदान को याद करते हुए जयघोष किए गए। संस्था के अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय ने कहा कि महात्मा फुले ने समाज सुधारक, शिक्षक के जनक और जागरूकता के प्रेरणा स्रोत थे। उनके कार्यों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर समानता और शिक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में रमेश पोयाम, देवानंद चौरे, तथ्य शिल चौरे और सिद्धार्थ महाजन सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने फुले के विचारों को आत्मसात करने और समाज के उत्थान के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में फुले के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को समाज में लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

# रासेयो शिविर के समापन सत्र को लोक नृत्य और नाटक से सजाया

## स्वयसेवकों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा, मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर का शानदार समापन समारोह कबेंगा के मिडिल स्कूल प्रांगण में संपन्न हुआ।विश्व विद्यालय समन्वयक डॉ डी एल पटेल, जिला संगठक शशि भूषण कन्नौजे के कुशल मार्गदर्शन में सात दिनों में स्वयं सेवकों ने अपनी दिनचर्या में योग प्राणायाम के साथ साथ श्रमदान कर गाँववासियों को स्वच्छ के लिए प्रेरित किया। कुपोषण, नशामुक्ति, प्लास्टिक उन्मूलन, बाल विवाह, मौलिक अधिकार पर आधारित नाटक

नशामुक्ति पर आधारित नाटक ने जीता दर्शकों का दिल, श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



**इनकी रही भूमिका**

शिविर की सफलता में दलनायक शुभम मरकाम, भवानी नेताम ,महेश मरकाम सरपँच नवलू मरकाम,सभी शिक्षक साथियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रदर्शन ने सभी दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। बस्तर विश्वविद्यालय के समन्वय डॉ डी, एल ,पटेल का योग आयुर्वेद पर प्रेरणा दायक उद्बोधन से शिविरार्थी लाभान्वित हुए।जिला संगठक शशि भूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उप दल नायक महेश ने अपने अनूठे नशा मुक्ति नाटक से सबको प्रभावित किया। कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी ने ग्राम पंचायत कबोनग के सरपंच नवलू भरकम, प्राचार्य राज कुमार रामटेके, ग्राम प्रमुख माध्यमिक व प्राथमिक शाला के स्टाफ का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## धान खरीदी पर किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का सरकार पर हमला

# 31 की जगह 23 सौ क्विंटल में धान खरीदी किसानों से धोखाधड़ी : कांग्रेस का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। शनिवार को कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने किसानों की परेशानियों पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है और धान खरीदने में साजिश रच रही है। मरकाम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का है। लेकिन मात्र 47 दिनों में इसे पूरा करना असंभव है। सरकार को प्रतिदिन 3.5 लाख मीट्रिक टन धान खरीदना होगा, जबकि मौजूदा स्थिति में यह संभव नहीं लग रहा है। सोसाइटी को एक दिन में सिर्फ 752 क्विंटल धान खरीदने का निर्देश दिया गया है। जिससे किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।




**धान मिलिंग और भुगतान में गड़बड़ी**

उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि उसने धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार के समय तय 120 रुपये प्रति क्विंटल की राशि को घटाकर 60 रुपये कर दिया है। इस फैसले के कारण कई जिलों में राइस मिलर्स ने मिलिंग से असमर्थता जताई है। जिससे सोसायटी में धान जाम हो गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा घोषित 72 घंटे में भुगतान की योजना में देरी हो रही है और किसानों को 3100 रुपये के बजाय सिर्फ 2300 रुपये मिल रहे हैं। इसके अलावा, फर्जी अनावरी रिपोर्ट तैयार कर किसानों से उनकी उपज के अनुसार 21 क्विंटल धान के बजाय केवल 14–16 क्विंटल ही खरीदा जा रहा है।

**बारदाने और टोकन सिस्टम बना बाधा**

मरकाम ने बारदाने की कमी और ऑनलाइन टोकन सिस्टम को किसानों की परेशानियों का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि टोकन न मिलने की वजह से किसानों को 15 दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। कई किसान घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं।

**किसानों के साथ अन्याय और भ्रष्टाचार के आरोप**

कहा कि खराब बीज और खाद की समस्या ने किसानों की स्थिति और खराब कर दी है। उन्होंने प्रशासन से फर्जी पोटाश बिक्री और खराब बीज की जांच में सख्त कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस ने उठाई 3217 रुपये भुगतान की मांग – मोहन मरकाम ने केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 117 रुपये की बढ़ोतरी का हवाला देते हुए धान की कीमत 3217 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की। प्रेस वार्ता के अंत में मरकाम ने इस मुद्दे पर राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है।

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर 21 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिला एवं बाल विकास विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाली आरोपी मेवा चोपड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी ने वर्ष 2019 में कई लोगों को ठगकर लगभग 21 लाख रुपये हड़प लिए थे। थाना कोंडागांव में प्रार्थिया और पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। प्रार्थिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आरोपी ने उनके और उनके रिश्तेदारों से नौकरी लगाने के नाम पर यह ठगी की। इस पर थाना कोंडागांव में भादंवि की धारा 420, 34 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।



**पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र पटेल और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना कोंडागांव की टीम ने कार्रवाई की। आरोपी मेवा चोपड़ा की तलाश कर उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई।

**ठगी की बात कबूल की**

पूछताछ में आरोपी ने प्रार्थिया और अन्य लोगों के साथ ठगी की बात स्वीकार की। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**पुलिस टीम का विशेष योगदान**

गिरफ्तारी और मामले की सफलता में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक गुलाब टंडन और थाना कोंडागांव की टीम का विशेष योगदान रहा। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से ठगी के शिकार लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

# दो लाख का गांजा और बाइक जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



जिले के फरसगांव थाना पुलिस ने हाई प्रोफाईल अंतर्राज्जीय गांजा तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल कीपुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है । पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से सट्टा, जुआ पर अंकुश एवं गांजा पर बड़ी कार्यवाही करते हुये 30 नवंबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि उड़ीसा, माकड़ी, चिचाड़ी की ओर से रायपुर की ओर जा रही एक रायल इनफिल्ड मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 27 एन. 2952 में अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन किया जा रहा है। कि सूचना पर मेन रोड एन.एच. 30 चिचाड़ी जाने वाली रास्ता तालाब के पास में नाकेबंदी की गई जो मुखबीर के बताए अनुसार एक रायल इनफिल्ड मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 27 एन.2952 को रोककर हमराह स्टाफ के तलाशी ली गई जो बुलेट मोटर सायकल के पीछे एक काल रंग के बैग के अन्दर में 08 पैकेट गांजा मिला चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम सुब्रत राय पिता ठाकुर राम राय उम्र 40 वर्ष निवासी बाजारपारा फरसगांव का रहने वाला बताया। जिनके कब्जे से गांजा कुल 23.68 किलोग्राम कीमती 02 लाख 30 हजार रूपये एवं बुलेट मोटर सायकल कीमती 01 लाख 50 हजार रूपये एवं गांजा तस्करी कर प्राप्त अवैध धन से खरीदे गये क्रेटा कार 11 लाख रूपये कुल जुमला रकम 14 लाख 80 हजार जप्त कर एनडीपीएस की धारा 20 बी के तहत कार्यवाही कर सालों से फरार मुख्य करोड़पति आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा अन्य राज्य में भी प्रकरण दर्ज है । जिसमे छत्तीसगढ़ में 02 प्रकरण , उत्तर प्रदेश में 01 प्रकरण , आन्ध्रप्रदेश में 01 प्रकरण दर्ज है।

**इनकी रही भूमिका** : उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी संजय सिन्दे, सउनि सुरेन्द्र बघेल, सउनि. पिताम्बर कटार, आर. कृष्ण कुमार सोनवानी, फरसुराम मरकाम, बासुराम मरकाम, मनोज कुमार वट्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# रासेयो शिविर के नुक्कड़ नाटक में जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगनपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. डी.एल. पटेल कार्यक्रम समन्वयक, शशि भूषण कन्नौजे जिला संगठक और सी.के. चतुर्वेदी प्राचार्य के मार्गदर्शन में यह शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य विषय स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा रहा।

**सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक किया प्रस्तुत**

इस दौरान स्वयंसेवकों ने गांव के स्कूलों, ग्राम पंचायत और आंगनबाड़ी केंद्रों में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। नलों के पास सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर ग्रामीणों को स्वच्छ जल निकासी के महत्व को समझाया गया। शिविर में अंधविश्वास, बाल विवाह, स्वच्छता, स्वास्थ्य और नशा मुक्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। जिसे ग्रामीणों ने सराहा। योग सत्रें में ग्रामीण छात्र–छात्रओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और योगाभ्यास सीखा। बौद्धिक सत्र के तहत स्वास्थ्य विभाग से आई श्रीमती सुलोचना मरकाम ने कुपोषण और एनीमिया से बचाव के उपाय बताते हुए स्वास्थ्य जीवनशैली अपनाने के सुझाव दिए। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव की विभिन्न समस्याओं का सर्वेक्षण भी किया। इस कार्य में उन्हें ग्राम सरपंच जयसिंह सोरी, ग्रामीण युवाओं और शिक्षकों का भरपूर सहयोग मिला। शिविर का संचालन मोहन लाल बोगा कार्यक्रम अधिकारी ने किया।




**इनका रहा योगदान**

कार्यक्रम को सफल बनाने में रिखी राम भुआर्य, आलोक मेश्राम, सुरेश देवांगन सीएसी, श्रीमती अनसिया मरकाम, श्रीमती संपत्ति मरकाम, सुश्री ललित बघेल और स्वयंसेवकों जैसे परमेश्वर, लोकेश, राधिका, रंभा, गिरवर और खिरेंद्र का विशेष योगदान रहा। यह शिविर ग्रामीणों में जागरूकता फैलाने और स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक –ष्टिकोण विकसित करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# संकुल स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

**केशकाल।** केशकाल के ग्राम पंचायत कोहकामेटा में शनिवार को संकुल स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री देवचंद मतलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव, के हाथों शुभारंभ हुआ। मतलाम ने अपने उद्बोधन में जीवन में खेल का महत्व, शारीरिक बौद्धिक ,शिक्षा से महत्व साझा किया साथ में माता पिता और गांव की नाम रोशन करने की अपील की साथ में श्रीमती रामेश्वरी नाग (सरपंच) खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव विजय नाग (उपसरपंच) चमरा राम मांडवी गुप्तेश्वर बघेल ग्राम पटेल रतनी मरकाम सरपंच, जय सिंग मरकाम सरपंच नंदलाल लडिया रामलाल मांडवी सतीश नाग ज. स सदस्य शेत कश्यप भीखम नाग वीरेंद्र बघेल जं प सदस्य सतेन्द्र भेड़िया रोशन सिन्हा कोहकामेटा संकुल के प्राचार्य व सी ए सी, सभी शिक्षक सावन सोनवानी, रूपधर तामो मनीराम कुंजाम ग्राम के गायता पटेल मांझी और सैकड़ों की जन संख्या में आस पास के ग्रामवासी उपस्थित रहे।




# बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड से मिलेगा मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिया जाएगा। कोंडागांव जिले में योजना का क्रियान्वयन जोर–शोर से जारी है। योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को पंजीकरण के बाद 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा। यह कवर उनके परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा इस्तेमाल किए गए बीमा कवर के अतिरिक्त होगा।




**ऐसे करें पंजीकरण**

जिले के वरिष्ठ नागरिक अपने नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में जाकर पंजीकरण या ई–केवाईसी करवा सकते हैं। पंजीकरण के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर अनिवार्य हैं।

**जिले में बनेंगे 20393**

कोंडागांव जिले के लिए इस योजना के अंतर्गत 20,393 पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। विकासखंडों में यह लक्ष्य इस प्रकार वितरित किया गया है। कोंडागांव 7021, फरसगांव 3878, केशकाल 3209, बड़ेराजपुर 2779, माकड़ी 3506। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में योजना का कार्य तेजी से चल रहा है। डॉ. सिंह ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने दस्तावेजों के साथ अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संपर्क करें और योजना का लाभ उठाएं।

### जानलेवा हमला का आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** बोधघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीन विवाद के चलते धारदार हथियार लहराकर अपने पडोसी के उपर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी 28 वर्षीय गोलू नायक को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। प्रार्थी श्रीमती गजमणि ने थाना बोधघाट आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसके मोहल्ले का रहने वाला गोलू नायक इसके मोहल्ले में स्थित सब्जी दुकान में आकर यहां दुकान क्यों लगाती है यहां से भाग ये मेरा जगह है कहकर दुकान में रखे सामान को फेंकने लगा। प्रार्थी द्वारा मना करने से अपने पास रखे धारदार हथियार बंडा को निकाल कर लहराने लगा। रिपोर्ट पर एसपी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया था। टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर, उप निरीक्षक अरुण मरकाम, प्रधान आरक्षक नितेश मेश्राम, आरक्षक राकेश मंडावी का महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### एक लाख के तीन इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

**सुकमा।** नक्सलियों के शोषण, अत्याचार से परेशान होकर शनिवार को 1 लाख के इनामी समेत 3 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। एक लाख के इनामी पूवर्ती आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष माड़वी भीमा, कोराजगुड़ा आरपीसी मिलिशिया सदस्य मुचाकी कोसा और गोगुण्डा आरपीसी मिलिशिया सदस्य मड़कम देवा ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। इस दौरान सीआरपीएफ दूसरी वाहिनी के डिप्टी कमांडेंट भास्कर भट्टाचार्य, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स भानुप्रताप चंद्राकर व सीआरपीएफ 217 वाहिनी के सहायक कमांडेंट व्ही क्लारेंस मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि ये सभी नक्सली माओवादियों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों से नाराज थे। इसलिए इन लोगों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गों पर स्पाईक, बम लगाना, मुख्य मार्गों को खोदकर मार्ग अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध बेनर, नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाने एवं अन्य घटनाओं में शामिल होने का आरोप रहा हैं। उनको आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिलने वाला छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदान किए जायेंगे।



## केरल के कन्नूर में आयोजित सम्मेलन में मातृ शक्तियां भी हुईं शामिल

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राष्ट्रीय सम्मेलन में कोण्डागांव की भूमिका सराहनीय रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का राष्ट्रीय वार्षिक आम प्रतिनिधि सम्मेलन 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक केरल के कन्नूर जिले में आयोजित किया गया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. चतुर्वेदी पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम के निर्देशन में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के पूर्व सैनिक, पदाधिकारी, सदस्य और मातृ शक्तियां बड़ी संख्या में उपस्थित हुईं। इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ से 26 पदाधिकारियों, सदस्यों और मातृ शक्तियों ने भाग लिया। जिनमें कोंडागांव जिले के प्रतिनिधियों ने भी अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती और केशकाल ब्लॉक अध्यक्ष आसमन मंडावी ने जिले का प्रतिनिधित्व किया।



**राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश**

सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. चतुर्वेदी ने ष्राष्ट्र प्रथम, सदैव एवं सर्वदाष के विचार को दोहराते हुए बताया कि परिषद का उद्देश्य राष्ट्रीय हित के लिए कार्य करना है। उन्होंने देशभर के पूर्व सैनिकों को एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और राष्ट्र सेवा में योगदान देने का आह्वान किया। कोंडागांव जिले के प्रतिनिधियों की इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भागीदारी ने न केवल जिले का नाम रोशन किया, बल्कि क्षेत्र में संगठन की भूमिका को भी मजबूती प्रदान की।

**सम्मेलन का शुभारंभ**

कार्यक्रम की शुरुआत वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। वंदे मातरम और संगठन गीत के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया गया।

**कोंडागांव की सराहनीय भागीदारी**

कोंडागांव जिले के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में अपनी सक्रिय भागीदारी से जिले का गौरव बढ़ाया। उन्होंने परिषद के उद्देश्यों और कार्यों को मजबूती से प्रस्तुत किया और राष्ट्रीय हित के लिए समर्पित भावना का प्रदर्शन किया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा और जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने क्षेत्र में संगठन के कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी, जिसे सराहा गया।

## पेज 9 के शेष

**मध्यान्ह भोजन से ...**

के मुताबिक बच्चों को चावल, राहर दाल और हरी सब्जी दिया जाना है लेकिन मिडिल स्कूल नीलावरम में दाल-चावल ही बनाया गया। हरिभूमि संवाददाता ने जब इसकी जानकारी ली तो स्कूल में रसोईया का काम कर रही महिलाओं ने बताया कि स्व सहायता समूह द्वारा बीते एक महीने से हरी सब्जी नहीं दी जा रही है। दाल-चावल से ही काम चलाया जा रहा है।

**फीस वृद्धि पर...**

में स्थान तक नहीं मिला है। साथ ही परीक्षा शुल्क बढ़ोतरी की बात है तो कुलपति ने अवैधानिक तरीके से बिना विद्यापरिषद व कार्यपरिषद की बैठक बुलाए या किसी जनप्रतिनिधि से सलाह मशवरा किए शुल्क में वृद्धि कर दी और वो बस्तर के गरीब छात्र छात्राओं से निधि के नाम से शुल्क वसूल रहे हैं। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय, पार्षद सूर्या पानी, ललिता राव, सुखराम नाग, जाहिद हुसैन, अनुराग महतो, सादाब हुसैन, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया व ज्योति राव, वरिष्ठ छात्र नेता अरुण गुप्ता, छात्र नेता उस्मान रजा,जश्नेकेतन जोशी, शेख अयाज, विश्वविद्यालय अध्यक्ष पंकज केवट, जिला महामंत्री नुरेंद्रराज साहू, निहाल तिवारी, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष कर्त्तव्य आचार्य, आदर्श महाविद्यालय अध्यक्ष हंशु नाग, नई जिला सचिव दीपेश पांडेय, जिला महासचिव शिबू निराला व नितेश जोशी समेत अन्य युवा नेता मौजूद थे।

विरोध पर कुलपति हुए सख्त : विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर छात्र नेताओं और विद्यार्थियों का विरोध प्रदर्शन बढ़ता जा रहा था। कुलपति को भी अपने कक्ष में जाने से रोका जा रहा था। हालांकि सुरक्षा के नाम पर जवानों की तैनाती रही लेकिन छात्रों की संख्या को देखते हुए अपर्याप्त थी। इसलिए कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव ने एसपी को फोन कर जानकारी दी और अतिरिक्त बल भेजने को कहा। इस तरह सुबह से शाम तक विश्वविद्यालय परिसर में विरोध की स्थिति बनी रही।

**धान खरीदी केंद्रों ...**

बताया कि आसपास के गांवों में बैंक की सुविधा नहीं है जिसके चलते क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों को 10-12 दूर ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल जाना पड़ता है। यही नहीं आने-जाने के कारण अतिरिक्त समय और श्रम भी लगता है।

आधार नंबर और फिंगर प्रिंट से नकद प्राप्त कर सकते हैं: उन्होंने बताया कि माइक्रो एटीएम का उपयोग आसान है। आधार नंबर और फिंगर प्रिंट के माध्यम से नगद राशि प्राप्त की जा सकती है। किसान पटेल ने कहा कि शासन द्वारा धान खरीदी केंद्रों में दी जा रही यह सुविधा वरदान साबित हुई है। उन्होंने प्रदेश सरकार की इस नवाचारी पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

**विस्फोटक जब्त,...**

गया। लक्ष्मण दूधी (जनमिलिशिया सदस्य) पिता पोज्जा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पुजारी कांकेर थाना उसूर देवा सोढ़ी (जनमिलिशिया सदस्य) पिता स्व. हुंगा उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम पुजारी कांकेर स्कूल पारा थाना उसूर,नरसिम्मा सुंकर ऊर्फ नरसिम्हा शंकर (जनमिलिशिया सदस्य) पिता बुच्चैया उम्र 42 वर्ष निवासी पुजारी कांकेर थाना उसूर ,मोहन राव आऊल (जनमिलिशिया सदस्य) पिता रामैया आऊल उम्र 29 वर्ष निवासी पुजारी कांकेर,नागराज शुकर (जनमिलिशिया सदस्य) पिता सत्यम उम्र 25 वर्ष निवासी पुजारी कांकेर थाना उसूर ,गोपाल सुंकर (जनमिलिशिया सदस्य) पिता लक्ष्मैया उम्र 28 वर्ष निवासी पुजारी कांकेर थाना उसूर से पकडा गया। इन सभी को कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया।

## खबर संक्षेप

### कर्नल अमित हुए सेना से सेवानिवृत

**भोंड।** कर्नल अमित कुमार आदर्श 40 साल तक देश की सेवा करने के बाद 30 नवंबर को सेना से



सेवानिवृत हुए। बस्तर क्षेत्र के परचनपाल में 1 छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एनसीसी की कमान संभालने के बाद अधिकारी ने अपनी वर्दी उतार दी। उन्हें 1985 में सेना की ईएमई कोर में भर्ती किया गया था। 1999 में भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून से पास आउट होने पर उन्हें उसी कोर में कमीशन दिया गया था।

### बोर्ड परिणाम बेहतर करने विषय विशेषज्ञों की कार्यशाला



**बीजापुर।** लोक शिक्षण संचालनालय एवं संभागीय कार्यालय जगदलपुर के निर्देशानुसार 10 वीं 12 वीं में अध्यनरत छात्रों की बेहतर परिणाम एवम परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित किया जाना है। इसके लिए जिला स्तर पर विषय विशेषज्ञों व्याख्याता का समिति गठन किया गया, जिसका ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्न पत्र तैयार करने जिला शिक्षा अधिकारी एल एल धनेलिया के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय कार्यशाला रखा गया। जिसमें जिला शिक्षा कार्यालय से ए पी सी जाकिर खान एवं जिले के परीक्षा प्रभारी मनोज कावटी की भूमिका इस प्रशिक्षण को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बटालियन ने कैलेण्डर व पर्चों का किया वितरण




**गीदम।** नक्सलग्रस्त बस्तरवासियों की जीवन शैली में सुधार में प्रयासरत केरिपुबल की 231वीं वाहिनी के द्वारा सुनील भवर कमाण्डेंट 231 बटालियन के निर्देशन से प्राथमिक विद्यालय, कोण्डापारा में मिडिया प्लान योजना के तहत आम जन को जागरूक करने हेतु पहल करते हुए 500 कैलेण्डर तथा पर्चे बाँटे गए। पर्चों पर स्थानीय भाषा के माध्यम से नक्सल गतिविधियों के कारण आम जनता को हुए नुकसान तथा नक्सली अत्याचारों से अवगत करवाया गया। इसके अतिरिक्त बटालियन द्वारा चयनित स्थल पर 8' x 10' फीट के बड़े बैनर प्रदर्शित किया गया तथा सरकार द्वारा नक्सल गतिविधियों को रोकने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इन गतिविधियों के माध्यम से बस्तर के इन सुदूर गांव के पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

### पेटफुल्ली नाले में बनने वाले स्टॉप डेम का किया स्थल निरीक्षण

# भान सागर में पर्यटन की संभावनाएं तलाशने पहुंचे विधायक लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

- अधिकारियों को दिए प्रस्ताव प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने शनिवार को नगर पंचायत बस्तर के भानसागर सिंचाई डेम पहुंच कर जीर्णोद्धार का जायजा लिया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के एसडीओ एसके साहू सब इंजीनियर मनोज कुमार साहू भी मौजूद थे। विधायक यहां अंचल के लोगों के पुरजोर मांग पर सौंदर्यीकरण के साथ डेम में पर्यटन की संभावनाएं तलाशने पहुंचे थे। विधायक ने भानसागर में नौका बिहार जल्द से जल्द चालू करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया। श्री बघेल ने भानसागर को एक मनमोहक पर्यटन कैसे बनाएं इसको लेकर जल साधन विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने भानसागर स्थित पीचिंग कार्य, शौचालय, नहाने धोने के लिए घाट निर्माण कार्य इसके लिए विस्तृत रूप से प्रोजेक्ट तथा प्राक्कलन तैयार कर जल्द से जल्द देने की बात कही जिससे बस्तरवासियों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें मिलकर बेहतर रूप से कार्य करने की जरूरत है।

भानसागर नगर पंचायत बस्तर में हाइवे के पास प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर सिंचाई विभाग का तालाब है। इस डेम में प्रवासी पक्षियों का भी डेरा रहता है। सैकड़ों एकड़ क्षेत्र में इस डेम के नहरों के माध्यम से सिंचाई होती है और गर्मी के दिनों में हरे भरे खेत जंगल लोगों को आकर्षित करते हैं। विधायक बघेल ने अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत बागमोहलई 2 के पेटफुल्ली नाले में स्थित बने स्टॉप डेम का भी निरीक्षण किया। स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक को अवगत कराते हुए कहा कि यह स्टॉप डेम जर्जर हो गया है। इसकी मरम्मत की आवश्यकता है स्वयं ग्रामीण मरम्मत कर रहे है। भाजपा शासन काल में बने डेम की स्थिति ऐसी बनी हुई है। विधायक ने तत्काल उपस्थित अधिकारियों को मरम्मत कार्य करवाने को कहा साथ ही ग्राम पंचायत में नए बनने वाले स्टॉप डेम के स्थल निरीक्षण कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की दिशा निर्देश दिया।

## दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे में हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय जिला दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं उन्नति ठाकुर एसडीओपी बारसूर के पर्यवेक्षण में गीदम पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया गया।

27 नवम्बर को प्रार्थिया द्वारा थाना में उपस्थित होकर उसके साथ हुए दुष्कर्म के संबंध में रिपोर्ट बताई कि आरोपी द्वारा शादी करने व देखभाल करने का प्रलोभन देकर पीड़िता से लगातार शारीरिक शोषण किया गया जिसे पीड़िता गर्भवती होकर एक बालक को जन्म दी थी। आरोपी द्वारा उक्त बालक उसका नहीं होने की बात बोलकर पीड़िता को शारीरिक मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। गीदम पुलिस द्वारा मामले की गम्भीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित विधिसंगत कार्यवाही करते हुए आरोपी लखमु अतरा पिता स्व. चिचन अतरा उम्र 40 वर्ष साकिन बोमड़ा पारा जावंगा थाना गीदम जिला दन्तेवाड़ा को 28 नवम्बर को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय दन्तेवाड़ा में न्यायिक रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया गया। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक शशिकांत यादव, सउनि आरती दिवाकर, प्रआर 75 आशीष नाग, 718 विरेन्द्र नाग, महिला डीएसएफ 3042 ज्योति बघेल का योगदान रहा।

## कबाड़ चोरी के 10 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

अधिकारियों और ठेकेदार के द्वारा कबाड़ी वालों के साथ मिलकर कम्पनी को चुना लगाया जा रहा हैं। यह खेल लंबे समय से चल रहा है।

ताजा मामला 64 टन कबाड़ का है, जिसका 11 नवम्बर को चोरी होने का पता चला जिसकी थाने में 20 नवम्बर को एफआईआर दर्ज किया गया। थाना एनएमडीसी के मुख्य गेट से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। हजारों की संख्या में सीआईएसएफ यहां जवान तैनात रहते है, इसके बाबजूद चोरी और घोटाले का सिलसिला थम नहीं रहा है।

जवानों द्वारा जांच के नाम पर गरीब मजदूरों को परेशान किया जाता है जो मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते है।

थाने में रिपोर्ट के 10 दिनों के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से अनेक तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। जबकि यहां विजलेंस विभाग भी है।

## धान खरीदी केंद्र में ऑनलाइन टोकन काटने से किसान परेशान : गोविन्द

**जगदलपुर।** तोकापाल ब्लॉक के छापरभानपुरी धान खरीदी केंद्र में किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर युवा नेता गोविन्द कश्यप ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। केंद्र पर टोकन तुंहर हाथ योजना का सही तरीके से क्रियान्वयन न होने और किसानों को परेशान किए जाने पर उन्होंने प्रशासन और सरकार को आड़े हाथों लिया। छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों की सहूलियत के लिए टोकन तुंहर हाथ जैसी योजना शुरू की, लेकिन इसे लागू करने में भारी लापरवाही हो रही है। छापरभानपुरी धान खरीदी केंद्र के



कर्मचारी अपनी सुविधा के हिसाब से काम कर रहे हैं, जबकि किसान घंटों कतार में खड़े होने के लिए मजबूर हैं। यह बस्तर के भोले-भाले किसानों के साथ अन्याय है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। गोविन्द कश्यप ने केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर कहा सप्ताह में सिर्फ एक दिन, शुक्रवार को टोकन काटना किसानों के समय और मेहनत के साथ खिलवाड़ है। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करे कि डिजिटल टोकन प्रक्रिया हर दिन लागू हो और किसानों को कोई असुविधा न हो। गोविन्द कश्यप ने भाजपा सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। उनके लिए योजनाएं कागजों तक सीमित हैं। यह सरकार किसानों के साथ दुश्मनी कर रही है और उनके अधिकारों को कुचलने की कोशिश कर रही है। लेकिन हम इसे सफल नहीं होने देंगे। गोविन्द कश्यप ने कहा कि अगर जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे।

## बच्चे राष्ट्रीय स्तर के खेलों में हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी, बस्तर के 11 बच्चे राष्ट्रीय खेलों में चयनित हुए है। विगत महीने में क्लस्टर लेवल से जीत हासिल करके डीएवी के बच्चों ने किया शाला का नाम रौशन। अब राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिता में भाग लेने जा नई दिल्ली एवं नोएडा रहे है।

इन खेलों में कबड्डी अंडर 12 , खो–खो अंडर 19, योगा अंडर 14 एवं एथलेटिक्स में दौड़ प्रतियोगिता अंडर 19, 800 मीटर और 1500 मीटर शामिल है। जो बच्चे इस प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है उनके नाम इस प्रकार है। कबड्डी में मोक्ष साहू, भावेश चंदेल, मोहित ठाकुर, नरेंद्र और मनमोहन, खो-खो में चांदनी नाग, लक्ष्मी कश्यप, प्रेरणा बघेल और योगिता यादव, दौड़ में चांदनी नाग 1500 मीटर और लक्ष्मी कश्यप 800 मीटर, योगा में रवीना सूर्यवंशी। खेल शिक्षिका कुमारी प्रतिमा साहू एवं बच्चों की कड़ी मेहनत और लगन के कारण ये संभव हो पाया है। शाला के प्राचार्य दीपक कुमार दास द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया और जीत हासिल करने की शुभकामना दी गई। ज्ञात हो की विगत वर्षों में भी डीएवी शाला के बच्चों का चयन राष्ट्रीय खेलों में हो चुका है। इस वर्ष दोबारा बच्चों का चयन होना शाला

## राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण परीक्षा की तैयारी के लिए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

डाइट बीजापुर में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण एनएएस परीक्षा की उत्कृष्ट तैयारी और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एलएल धनेलिया ने सभी एफआई को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष बीजापुर के शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने और बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए हम सभी को पूरी ईमानदारी, सक्रियता और टीम भावना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। डाइट प्राचार्य सरिता दुब्बा ने अपने संबोधन में कहा सशक्त टीम, समर्पित प्रयास और सही मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी हैं और साझा प्रयासों से ही बेहतर परिणाम संभव हैं। इस अवसर पर एपीसी ज़ाकिर खान ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे जिले के लिए राज्य स्तर पर अपनी शैक्षणिक पहचान बनाने का एक सुनहरा अवसर है। सभी की मेहनत और समर्पण से हम उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेंगे।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों और अधिकारियों को नवीनतम रणनीतियों और तकनीकों से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, ताकि बीजापुर जिले का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय रहे। एनएएस के नोडल अधिकारी मनोज कावटी एवं विद्याभूषण नेताम की भूमिका इस प्रशिक्षण को संपन्न करवाने में महत्वपूर्ण रही।

## सरकार किसानों से धान नहीं खरीदने कर रही है षड्यंत्र केंद्रों में धीमी गति से खरीदी, 47 दिनों में नहीं होगा लक्ष्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




प्रदेश स्तर पर धान खरीदी को लेकर कांग्रेस हमलावर हो गई है। इसी कड़ी में शनिवार को सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी ने भी धान खरीदी को लेकर सरकार की नीयत पर सवाल उठाए हैं। जिला अध्यक्ष माहेश्वरी बघेल और नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है।

चुनाव से पहले 3100 में धान खरीदी का वादा कर भाजपा सत्ता में आई, 21 क्विंटल धान की खरीदी कहीं नहीं हो रही है। जबकि प्रदेश में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक समय निर्धारित है। शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन ही मिल रहे हैं। ऐसे में निर्धारित लक्ष्य को इतने दिनों में पूरा नहीं किया जा सकता। इस दौरान प्रेस वार्ता में कांग्रेस नगर अध्यक्ष शेख सज्जार, जिला प्रवक्ता मोहम्मद हुसैन और सतेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे।

जिला अध्यक्ष माहेश्वरी बघेल ने कहा कि किसानों को 23 सौ रुपए के मान से राशि दी जा रही है। आखिर क्यों किसानों को 3100 का भुगतान नहीं हो रहा? सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे, उनके खाते के रकम नहीं आया है। जो रकम आ रहा है, वह एक मुस्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रूपए प्रति क्विंटल ही आ रहा है। जो समर्थन मूल्य है उतना अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा। जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है। ऑनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नहीं मिल रहा है।

## जेल में बंदियों को दिया जा रहा सिलाई और राजमिस्त्री का प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा।** जिला जेल प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी अनुसार विचाराधीन कैदियों के लिए जिला जेल में कौशल प्रशिक्षण के कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इस क्रम में जिला जेल में कौशल प्रशिक्षण के तहत 60 विचाराधीन बंदियों को सिलाई और राजमिस्त्री के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसके अलावा भविष्य में स्ट्रीट फूड वेंडर, कंप्यूटर जैसे अन्य व्यावसायिक कोर्स जल्द ही शुरू किए जाएंगे। बंदियों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन जीने के योग्य बनाना बंदियों की पुनर्वास प्रक्रिया का महत्वपूर्ण पहलू है। यह पहल न केवल बंदियों की पुनर्वास प्रक्रिया को सशक्त बनाती है, बल्कि उन्हें अपराध की दुनिया से दूर एक नई शुरुआत करने का अवसर देती है। यह समाज के प्रति एक सकारात्मक संदेश है कि हर व्यक्ति को दूसरा मौका दिया जाना चाहिए।

## जीवन का आधा समय बच्चों को समर्पित कर हुई विदा प्रधान अध्यापिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी



बस्तर ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक शाला बड़ेपारा की प्रधान अध्यापिका चंद्रमणी रंगारी को संकुल परिवार फरसागुड़ा की ओर से सेवानिवृत्त पर विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र में फूल अर्पित कर हुई। ततपश्चात अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

सेवानिवृत्त अध्यापिका को ससम्मान उनके घर से संकुल तक बड़े ही जोर शोर के साथ स्वागत कर लाया गया व ससम्मान घर तक वापस कभी अलविदा न कहना के स्वर में सादर विदा किए। मुख्य अतिथि चंद्रमणी अपने जीवन काल का आधे से अधिक 42 साल 1 महीना 3 दिन बच्चों को समर्पित कर नई पीढ़ियों को रोशनी दिखाने का कार्य करती रही। आज वर्तमान में उनके पढ़ाये छात्र जो एक लोहंडीगुड़ा में सीईओ के पद पर तो कोई व्याख्याता, शिक्षक सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए उन कठिन परिस्थितियों से अवगत कराई जिसे पार कर आज इस मुकाम पर पहुँची है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते विकास पाठक संकुल प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक कभी विदा नहीं होते सिर्फ स्कूल से दूर होने की बात कही। कार्यक्रम के विशेष अतिथि संजीव शर्मा सकुंल समन्यक ने कहा कि व्यक्ति जीवन मे कितना भी धन संचय कर ले व्यवहारिक होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमाशंकर साहू के द्वारा करते हुए यह जीवन एक नाट्य मंच है बस पात्र बदलने का स्थल आज आपकी बारी है तो मेरा नम्बर निश्चय ही कल है कहते हुए मैडम को बधाई दिया। कार्यक्रम में शिक्षकों के द्वारा स्वागत गीत, विदाई गीत एवं बच्चों द्वारा स्वागत डांस शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## कलार समाज ने मनाई इष्ट देव की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी



बस्तरिया पुरोहित बड़े कलार समाज बस्तर संभाग द्वारा ग्राम कुम्हली के हाई स्कूल परिसर में हर्षो उल्लास के साथ कलार समाज के आराध्य इष्ट देव भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें उपस्थित समाज प्रमुख और अतिथियों ने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना की गई और आरती किया गया।

कार्यक्रम में सामाजिक शपथ दिलाया गया। सामाजिक रीति- रिवाज परंपरा से संबंधित प्रतियोगिता प्रश्न पूछे गए, सही उत्तर देने वाले बच्चे युवक युवतियों को इनाम की राशि भी दी गई। सामाजिक मांगलिक कार्यों की दिशा निर्देश पत्रिका का भी वितरण किया गया। समाज की संभागीय अध्यक्ष सज्जन राम बृजलाल दीवान के द्वारा वर्ष भर की उपलब्धि समाज के समक्ष बताई और आगामी कार्यक्रमों से भी अवगत कराया। समाज के सचिव गजानंद सिन्हा ने सामाजिक दिशा निर्देश पत्रिका का वाचन किया। समाज के संभागीय कानूनी सलाहकार संतोष बैध ने उपस्थित सामाजिक लोगों को शपथ दिलवाया। संभागीय कोषाध्यक्ष जयपाल सिन्हा के नेतृत्व में भोजन करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगबंधु नाईक, संभागीय संरक्षक बस्तरिया पुरोहित बड़े कलार समाज उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष सज्जन राम बृजलाल दीवान ने किया। कार्यक्रम का संचालन किशोर दीवान ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहन बैध ग्राम फ़ापनी, शामबती नाईक, प्रियंका दीवान देवनाथ शार्दुल, कबीर सूर्यवंशी, शंकर बैध, चुन्नू लाल सेठिया, राम चरण शार्दुल महेश राम सिंह परगनिया, रमेश पांडे, रोम नाथ सिन्हा,हिंदू राम दीवान नाम के बलिराम नाईक, पीला बाई पांडे डुमरदयी सेठिया सोलगुड़ा उदय बैध मुंडा गांव थे। कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चे युवक यूवतियां बस्तरिया पुरोहित बड़े कलार समाज से रहे। समाज के सभी समाज प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से सोन सिंह दीवान संभाग उपाध्यक्ष, मोशुराम दीवान संभाग उपाध्यक्ष, अर्जुन पांडे संभाग उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष मदन दीवान, सचिव कृष्ण कुमार सेठिया, मीडिया प्रभारी बुटुराम दीवान, मीडिया प्रभारी तुलेश सेठिया, मीडिया प्रभारी पतीराम पांडे मीडिया प्रभारी हरबंधु बैध सामाजिक सलाहकार सलाहकार तुलसीराम दीवान सलाहकार थमेश्वरी सिन्हा, रेणुका दीवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी समाज प्रमुख माता बहने सभी उपस्थित रही।

### प्राशा जामगुड़ा में संविधान दिवस मनाया गया



**जगदलपुर।** पिपलावंड संकुल के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला जामगुड़ा में भारतीय संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। प्राथमिक शाला जामगुड़ा के प्रधान अध्यापक गिरिज राज जुरेशिया द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर पुजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को अपनाया गया था, जो कि हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का आधार है। इस अवसर पर शाला के सहायक शिक्षक उपासना देवांगन ने विद्यार्थियों को संविधान के प्रमुख तत्वों और मूल अधिकारों के बारे में जानकारी दिया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बेटी की उपलब्धि पर पिता का सम्मान



**जगदलपुर।** शहर के कांग्रेस नेता अनवर खान की पुत्री जो स्थानीय निर्मल हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत है। गुरुवार को वार्षिक समारोह में पुत्री को मिले पुरस्कार से बहुत अभिभूत है। उन्होंने कहा मेरा मान-सम्मान और गौरव बढ़ाने के लिए मैं समस्त शिक्षकगणों का तहे दिल से आभार के साथ धन्यवाद व्यक्त करता हूं।

### 11 कर्मचारियों को पीपीओ प्रदान कर किया सम्मानित



**जगदलपुर।** प्रत्येक माह सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को माह के अंतिम कार्य दिवस में पेंशन प्राधिकार पत्र का प्रदान करने संबंधी राज्य शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे 18 में से 11 कर्मचारियों को पीपीओ प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया । इस अवसर पर संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कमलेश रायस्त, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 8 को

**जगदलपुर।** अपर संचालक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जगदलपुर द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण कर चुके छत्तीसगढ़ के मूल निवासी एवं परिवार की वार्षिक आय लाख रुपए से कम अभ्यर्थियों के लिए सत्र 2024-25 के तहत जगदलपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश लेकर एसएससी, रेल्वे, व्यापम, बैंकिंग के परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक प्रवेश के पात्र अभ्यर्थियों से 25 नवम्बर तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। अपर संचालक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त संस्था में प्रवेश हेतु आगामी 8 दिसम्बर को मध्यान्ह 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र निर्मल हॉयर सेकण्डरी स्कूल में प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई है। इस परीक्षा का परिणाम 11 दिसंबर को जारी करने के बाद 13 एवं 14 दिसंबर को दस्तावेज परीक्षण और काउंसिलिंग की जाएगी।

### विपश्यना ध्यान साधना शिविर 22 से

**जगदलपुर।** अग्रसेन भवन में 22 दिसंबर से 2 जनवरी तक विपश्यना ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह 10 दिवसीय आवासीय अस्थाई शिविर होगा, जिसमें न्यूनतम आयु 18 वर्ष से अधिक के पुरुष एवं महिलाएं पात्र हैं। विपश्यना ध्यान साधना आत्म-दर्शन की साधना, स्वदर्शन की साधना एवं सत्यदर्शन की साधना है। व्यवहार में परिवर्तन लाने, मानसिक तनाव मुक्ति पाने और अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वाह करते हुए करुणा, समता, सत्यनिष्ठा तथा चरित्र निर्माण सरीखे सदगुणों को बढ़ाने के लिए यह विधि अत्यंत कारगर पाई गई है।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, कलेक्टर के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

# मसीही समाज ने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला मसीही समाज द्वारा तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कृषि उपज मंडी के पुराने परिसर में शनिवार को तीसरे दिन भी तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं रैली निकली।

मसीही समाज ने कृषि मंडी परिसर से कलेक्टर कार्यालय जाने के लिए निकले तो चांदनी चौक में पुलिस बल ने रोका और तहसीलदार ने पहुंच कर समाज का राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, कलेक्टर के नाम ज्ञापन लिया।

ज्ञापन में बताया कि बस्तर जिला के भीतर निवासरत मसीही, ईसाई समुदाय के विरुद्ध में हो रहे असंवैधानिक घटनाओं के संबंध में शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षण करते हुए जांच एवं दोषियों के ऊपर कार्यवाही का मांग के साथ-साथ मसीही, ईसाई समुदाय के संवैधानिक अधिकारों के सुरक्षा की गांरटी मांगी।



समाज के मीडिया प्रभारी अनिमेश दास ने बताया कि बस्तर जिला में निवासरत मसीहियों के लिए पंचायतों में कफन-दफन हेतु कब्रिस्थान (मरघट) आबंटित किया जाए। बस्तर जिला के अंतर्गत निवासरत मसीही परिवारों का खेत में पके फसल की जबरदस्ती कटाई को रोका जाकर अभी तक घटित घटनाओं में आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाए। बस्तर जिला के अंतर्गत ईसाई धर्म प्रचारको, पास्टरों एवं ईसाई मत मानने वाले के विरुद्ध किया जा रहा झूठी शिकायतें, झुठी रिपोर्ट एवं अनर्गल टिप्पणी पर रोक लगाई जाए।

#### जनता कांग्रेस जे ने दिया समर्थन

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद ने कहा कि बस्तर जिला ग्रामीण मसीही सेवा समिति के 3 दिवसीय महाधरना को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति बस्तर में, लगातार मसीह समाज के मौलिक अधिकारों पर हो रहे अतिक्रमण, अत्याचार, धार्मिक स्वतंत्रता के संवैधानिक आर्टिकल 25 से 29 के उल्लंघन, अंतिम संस्कार जैसे प्रक्रियाओं पर लगातार और असंवैधानिक रूप से प्रतिबंध, विश्वासियों से मारपीट, फसलों की लूटपाट, कब्रिस्तान आवंटन जबरन रोक, धार्मिक सभाओं पर प्रतिबंध, जैसी गंभीर घटनाओं पर ध्यान आकर्षण, अत्याचार पर रोक और न्याय संगत कार्यवाही समाज की मांग रही है।

## पूर्व विधायक रेखचंद ने कुलाधिपति को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पूर्व विधायक व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने शुक्रवार को छत्तीसगढ के राज्यपाल व कुलाधिपति को पत्र भेजकर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर द्वारा प्रस्तावित शुल्कों में बढ़ोत्तरी न किए जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय के इस निर्णय का अनुमोदन विद्या परिषद एवं कार्य परिषद से होना था लेकिन उनकी मंजूरी के बिना ही मात्र अनुमोदन की प्रत्याशा में अधिसूचना जारी कर बढ़ाए गए शुल्कों को लागू किया गया है। इसके बाद से यहां के हजारों नियमित व प्राइवेट छात्र- छात्राएं उद्वेलित व आंदोलित हैं।

■ बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित शुल्कों में बढ़ोत्तरी न किए जाने की मांग की

जैन ने पत्र में लिखा है कि शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के क्षेत्राधिकार में बस्तर संभाग के सात जिलों के 53 महाविद्यालय आते हैं। सत्र के मध्य में विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णय से नियमित व प्राइवेट विद्यार्थियों समेत उनके अभिभावक प्रभावित हुए हैं।

जैन ने पत्र में लिखा है कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार बस्तर संभाग के सात में से तीन जिलों दंतेवाड़ा, नारायणपुर व बस्तर में तो गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों का औसत छत्तीसगढ़ राज्य के औसत से अधिक है। दंतेवाड़ा व नारायणपुर जिला तो राज्य के सर्वाधिक गरीबी वाले जिलों की सूची में प्रथम दो स्थान पर आते हैं। इन दोनों जिलों की लगभग आधी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करती है। यही स्थिति बस्तर संभाग के अन्य जिलों बस्तर, सुकमा, बीजापुर, कोंडागांव व कांकेर में भी नजर आती है।

## नया बस स्टैंड में महिलाओं के लिए शौचालय नहीं, आयुक्त ने निरीक्षण में पाई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के नया बस स्टैंड में अब सिर्फ महिलाओं के लिए पिंक शौचालय बनाया जाएगा। यहां सेनेटरी पैड की मशीन लगाई जाएगी। इसके साथ ही बच्चों को स्तनपान कराने की भी सुविधा मिलेगी। नगर निगम ने इसके लिए प्लान बना लिया है। जल्द ही काम भी शुरू किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त निर्भय साहू समेत नगर निगम की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। यहां नया पिंक शौचालय बनाने करीब 15 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

■ निगम कमिश्नर ने अविलंब पिंक शौचालय निर्माण के दिए निर्देश



नगर निगम आयुक्त निर्भय साहू ने पिंक शौचालय निर्माण जल्द ही काम शुरू करने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड में एक शौचालय है, जिसमें महिलाओं के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है, शौचालय भी काफी छोटा है। उन्होने बताया कि जगदलपुर बस स्टैंड संभाग का सबसे बड़ा अंतरराज्यीय बस स्टैंड है। यहां हर दिन ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना तक के लिए भी बसें चलती हैं। हर दिन करीब 200 से ज्यादा बसों का संचालन होता है। ऐसे में यात्रियों में लगभग 40 से 45 प्रतिशत संख्या महिला यात्रियों की भी होती है। जिसके लिए पिंक शौचालय में महिलाओं के लिए सैनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई जाएगी। इस्तेमाल किए गए नैपकिन को निस्तारण वाली मशीन में डालकर नष्ट किया जाएगा। महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की सुविधा होगी। स्तनपान करवाने फीडिंग रूम की भी सुविधा होगी। साथ ही जो महिलाएं वेटिंग हॉल में बसों का इंतजार करती हैं, जिनके दुधमुहे बच्चे होते हैं, उन्हें स्तनपान करवाने काफी दिक्कत होती है। ऐसे में यहां पिंक शौचालय बनने से महिला यात्रियों को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

### आयुष्मान कार्ड शिविर में पहुंचे लोग



**जगदलपुर।** भारतीय सिंधु सभा के तत्वाधान मे शनिवार को सिंधु भवन मे आयुष्मान योजना कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मात्र 3 घंटे का रहा,बाउजूद सैकड़ो की संख्या में समाज और अन्य समाज के लोग पहुंचे। सभी समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने सेवा समय वृद्धि का आग्रह पर आयुष्मान कार्ड शाम 5 बजे तक शिविर चला। अब तक की खबर आयुष्मान कार्ड के लिए 120 लोगो ने कार्ड बनाया। शिविर मे नए आयुष्मान कार्ड बने ही साथ ही 5 लाख तक निशुल्क इलाज के लिए 70 वर्ष की उम्र से ऊपर आयु के सदस्यों का भी आयुष्मान कार्ड बना। इस दौरान सिंधु समाज के अध्यक्ष मनीष मूलचंदनी, हरेश नागवानी, बसंत मेघानी, धीरज कश्यप, राम नरेश पांडे, लक्ष्मी नवतानी, नीलम बसंतवानी, चंद्रा देवी नवतानी, सुलता महराणा, सविता देवांगन की महत्वपूर्ण उपस्थिति से कार्यक्रम सफल रहा।

# किसान का बेटा मुन्ना कश्यप बना अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के परियागुड़ा (गढ़िया) निवासी 25 वर्षीय मुन्ना कश्यप का चयन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में हुआ है। किसान रामनाथ कश्यप का पुत्र मुन्ना को आदिवासी केटेगिरी में 13वां और ओव्हरऑल में 397 रैंक प्राप्त हुआ है। हरिभूमि से चर्चा में मुन्ना कश्यप ने कहा कि दूसरे प्रयास में यह सफलता प्राप्त हुई है। एनआईटी रायपुर से सिविल इंजीनियरिंग पासआउट आदिवासी युवक को भरोसा है कि रैंक के हिसाब से सहायक संचालक आदिम जाति कल्याण विभाग के पद पर नियुक्ति मिल सकती है। उन्होंने

■ आदिवासी वर्ग में 13वां और ओव्हरऑल में 397 रैंक



प्रशासनिक सेवा में आने का श्रेय अपने चाचा लखमू कश्यप को दिया है जिनका कुछ महीने पहले देहांत हो गया है। शिक्षक चाचा के मार्गदर्शन में मैंने अफसर बनने के लिए कड़ी मेहनत की। डिप्टी कलेक्टर बनने के लिए राज्य पीएससी परीक्षा और आईएएस के लिए यूपीएससी की तैयारी की बात कही।

मुन्ना कश्यप की प्राथमिक शिक्षा गृहग्राम परियागुड़ा, मीडिल स्कूल की पढ़ाई तारागांव और हाईस्कूल की पढ़ाई कोठियागुड़ा में करने के बाद प्रयास रायपुर में 11वीं और 12वीं की पढ़ाई की। स्नातक इंजीनियरिंग में करने के बाद सेल्फ स्टडी लाला जगदलपुरी ग्रंथालय में सुबह से शाम तक तैयारी करने की बात कही। दिन में परीक्षा के दौरान 8 से 9 घंटे तक पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस सफलता से खुश हूं लेकिन ऊंचे पद में जाने की तैयारी जारी रहेगी। 3 भाईयों में मुन्ना बड़ा है दो छोटे भाई कॉलेज की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार में जनजातिय विषय के अलावा बस्तर से संबंधित कला, संस्कृति और पर्यटन के सवाल पूछे गए। उन्होंने कहा कि बस्तर में सेवा करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। युवाओं को ऊंचे सपने देखने और कड़ी मेहनत करने की समझाइश देते उन्होंने कहा कि जीवन में उतार चढ़ाव आते रहेंगे लेकिन अपने लक्ष्य को सामने रखकर सफल होने के लिए आत्मविश्वास के साथ तैयारी करनी चाहिए।

## कांग्रेस किसानों को गुमराह करने में लगी है : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ फैलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर जमकर निशाना साधा है। देव ने कहा कि बैज समेत सभी कांग्रेस नेता धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को गुमराह करने और प्रदेश में येन-केन-प्रकारेण अराजकता फैलाने के टूलकिट एजेंडा पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता के लिए बौखलाती कांग्रेस ने पहले महतारी वंदन योजना को लेकर लगातार झूठ बोला। जब भाजपा सरकार ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के झूठ की धज्जियाँ उड़ाई तो अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर नया टूलकिटिया एजेंडा चलाया। जब कांग्रेस के लोग ही अमूमन हर बड़े अपराध में संलिप्त पाए जाकर बेनकाब होने लगे, कानून के शिकंजे में जब खुद कांग्रेसी या उनके करीबी आने लगे तब अपने ही बुने षड्यंत्रों के जाल में फँसकर कांग्रेस छटपटाने लगी। महतारी वंदन और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद भी कांग्रेस अपनी ओछी और साजिशाना राजनीति से बाज नहीं आ रही है और अब वह धान खरीदी के मुद्दे पर फिर झूठ की राजनीति करने पर आमादा है। देव ने कहा कि धान खरीदी को लेकर किसी भी बिंदु पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर उंगली उठाने का नैतिक अधिकार कांग्रेस को नहीं रह गया है। कांग्रेस को कोई भी आक्षेप लगाने से पहले अपने गिरेबां में झांकना चाहिए।

## चलित प्रयोगशाला वेन ने की 4 सड़क के गुणवत्ता की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग के परिक्षेत्र परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला परिक्षेत्र के चलित प्रयोगशाला वेन की ओर से बस्तर संभाग के सातों जिलों के सड़क की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। अक्टूबर माह में दो जिलों के 4 ही सड़क निर्माण कार्य की जांच की, जिसमें टीम ने बीटी कोर के सैम्पल लिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार चलित प्रयोगशाला वेन की टीम ने मुख्य अभियंता के निर्देश पर बस्तर संभाग में दो जिलों के दक्षिण बस्तर संभाग दंतेवाड़ा उप संभाग गीदम के सीजीआरआईडीसीएल के अंतर्गत दंतेवाड़ा के बायपास गीदम जनपद से बांगाबाड़ी तक सड़क निर्माण कार्य 10.60 किमी, उपसंभाग दंतेवाड़ा के दंतेवाड़ा के गीदम-दंतेवाड़ा-किरंदुल 34.20 किमी का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य, पश्चिम बस्तर संभाग बीजापुर उपसंभाग बीजापुर के नेलसनार कोडोली, मिरतुर, गंगालुर मार्ग के बीटी रिनीवल कार्य एवं बीजापुर के नालनार पटेलपारा से नीचेपारा तक 3 किमी सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच की। साथ ही बीटी कोर के सैम्पल लिया पर त्रुटि नहीं मिली।

#### गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने सातों जिलों के कार्यपालन अभियंताओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसलिए सड़कों की जांच की जा रही है।

## नियमित टीकाकरण की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नियमित टीकाकरण की गुणवत्ता में सुधार के लिए आरएचओ स्तर की कार्यशाला का आयोजन शनिवार को डब्ल्यूएचओ (एसएमओ) जगदलपुर द्वारा अर्बन पीएचसी गीदम नाका के प्रशिक्षण हाल में किया गया। कार्यशाला में डब्ल्यूएचओ की एसएमओ डॉ. मिनल इंदुरकर द्वारा पहले तो मैदानी स्तर पर नियमित टीकाकरण में होने वाली परेशानी की जानकारी कार्यशाला में उपस्थित आरएचओ से ली गई। इसके पश्चात उनका समाधान बताते हुए सभी सूक्ष्म सावधानियों समेत आवश्यक सुधार करने की जानकारी प्रदाय की गई। कार्यशाला में सीएचसी नानगुर और अरबन क्षेत्र के 17 केन्द्रों से 50 से अधिक कर्मचारियों द्वारा नई जानकारी प्राप्त की गई। कार्यशाला में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, जिले की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना के साथ प्रभारी चिकित्सक डॉ. एंजिल पलक, डॉ. नुपूर अवस्थी, डॉ. मौमिता बसाक के साथ जिला मीडिया अधिकारी शकील खान, नरेश मरकाम और प्रशांत श्रीवास्तव के साथ सहयोगी के रूप में यूवीएससी स्टॉफ, शहरीय क्षेत्र के कर्मचारी शामिल रहे।

## सरगीपाल बायपास किनारे खड़े ट्रकों से दुर्घटना की संभावना बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सरगीपाल बायपास सड़क के किनारे ट्रकों की लंबी लाईन खड़ी रहती, जिससे हमेशा दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। एक ओर ट्रकों से सड़क जाम हो रही है और सड़क की पटली भी जर्जर हो रही है। इससे लोक निर्माण विभाग की ओर से आरटीओ को मौखिक सूचना दी पर अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। हालांकि बताया जा रहा है कि परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम सरगीपाल बायपास सड़क के किनारे ट्रकों के चालकों के खिलाफ कार्रवाई की उसके बाद भी चालक ट्रकों को सड़क किनारे खड़े कर रहे हैं। इसके अलावा लालबाग, आनंद ढाबा एवं बोधघाट रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग में ट्रकों के खड़ी रखने से आवागमन जाम से लोगों को परेशानी हो रही है।

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी अनुपम पटेल ने बताया कि जांच के दौरान कार्रवाई की जा रही है। दूसरी बार परिवहन नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन जप्त कर कोर्ट भेजा जाएगा।

## विलुप्त हो रही स्थानीय बोलियों के संरक्षण की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय अंतर्गत कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय द्वारा संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी कविता एवं गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही संकाय की संकायाध्यक्ष डॉ.सुकृता तिर्की ने कहा कि भारत में अनेक बोलियाँ एवं भाषाएं हैं उनमें छत्तीसगढ़ी भाषा बहुत मधुर और अत्यंत सुंदर है।

■ छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर विविध आयोजन



जिसमें अनेक बोलियों समाहित हैं। भाषा दिवस के अवसर पर उन्होंने विस्तारपूर्वक भाषा एवं बोलियों के वर्गीकरण के बारे में अपने विचारों को रखा साथ ही विलुप्त हो रही स्थानीय बोलिया भतरी, गोंडी, दोरली, कोया, धूरवी, जैसे अन्य बोलियों के संरक्षण की आवश्यकता की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार हो रहे भाषाओं और बोलियों का हास संस्कृति एवं परंपरा के पूर्ण रूप से विनाश की ओर अग्रसित कर रहा है। अगर हमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा को बचना हैं तो सर्वप्रथम भाषा और बोलियों को सहेजना जरूरी है। एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के मध्य भाषा को हस्तांतरित करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्रो. शरद नेमा ने अपना विचार छत्तीसगढ़ी भाषा में ही अभिव्यक्त किया और कहा कि स्थानीय भाषा, बोलियों में बात करने में जो आनंद है वह किसी अन्य भाषा व संस्कृति में नहीं दिखाई देती है। अतः हमें अपनी बोली भाषा पर गर्व करना चाहिए। छत्तीसगढ, छत्तीसगढ़ी बोली , भाषा के साथ ही अन्य स्थानीय बोलीयों का केंद्रस्थल है। जहां से हम अपनी परंपरा और विरासत को देख पाते हैं एवं प्राचीन ज्ञान-विज्ञान को समझ पाते हैं।

डॉ.राजेश लालवानी ने अपने वक्तव्य छत्तीसगढ़ी में ही प्रारम्भ किया और कहा कि एक माँ अपना पहला संवाद अपने बच्चे से मातृभाषा में ही करती है। छत्तीसगढ़ी भाषा हम सबकी मातृभाषा है इसमें हजारों वर्षों की ज्ञान परंपरा का संचय हुआ है इसमें अनेक बोलियाँ आती हैं। जब से छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ है तब से लगातार हमारा प्रांत संयुक्त रूप से एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है और हम जहां भी जाते हैं अपनी छत्तीसगढ़ी बोली भाषा से सबको प्रभावित कर देते हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भाषा हमें आपस में जोड़ने का कार्य करती है।

